# PMAY(U)

के घटक 3 के अंतर्गत

## ''बिरसानागर किफ़ायती आवास परियोजना''

के तहत बेघर लोगों को लॉटरी से आज मिलेगा अपना आशियाना

**3836 पात्र लाभुकों को किया गया है चयन**

## आज आवास के लिए सिदगोड़ा टाउन हॉल में निकलेगी लॉटरी

जासं, जमशेदपुर : जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के अंतर्गत बिरसानगर में बन रहे पीएम आवास से बेघर लोगों को अपना मकान का सपना सच होने जा रहा है। गुरुवार को सिदगोड़ा टाउनहॉल में उपायुक्त सूरज कुमार की उपस्थिति में 3836 लोगों के बीच लॉटरी के माध्यम से आवास का आवंटन किया जाएगा।

जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत बिरसानगर में बन रहे किफायती आवास परियोजना में कुल 9592 आवास का निर्माण कार्य किया जाना है। इसमें अब तक 21 ब्लॉकों में कुल 6584 फ्लैटों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। 3836 लाभूकों ने 5000 रुपये का चालान बैंक में जमा करते हुए अपना घर का सपना सुनिश्चित कर लिया है।

उन्होंने बताया कि उन सभी 3836 पात्र लाभुकों को उनके सपनों का घर का आवंटन के लिए उपायुक्त सूरज कुमार 23 दिसंबर 2021 को सिदगोड़ा स्थित टाउन हाल परिसर में लॉटरी कार्यक्रम के माध्यम से सभी पात्र लाभुकों के बीच आवास का आवंटन करेंगे। विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने पात्र लाभुकों से आग्रह किया है कि वह निर्धारित समय व स्थल में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए उपस्थित होकर लॉटरी कार्यक्रम को सफल बनाएं।

**आज 12 बजे सिदगोड़ा टाउन हॉल में आयोजित है कार्यक्रम**

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA